प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस
कार्यालय प्राचार्य, शासकीय नर्मदा महाविद्यालय नर्मदापुरम (म.प्र.)
फेक्स / फोन 07574–254095,254247
महाविद्यालय का कोड : 3201
बेबसाईट – http://www.mphighereducation.nic.in/mpcolleges
ईमेल – hegnchos@mp.gov.in

क्रमांक 2567 / स्था. / 2026 नर्मदापुरम, दिनाँक 25 / 06 / 2026

## :: आदेश ::

समय–समय पर अवगत कराया गया है कि शासकीय अधिकारी / कर्मचारी का वेतन आहरण सार्थक एप पर उपस्थिति के आधार पर ही किया जाना है। आयुक्त उच्च शिक्षा के पत्र क. 55 / आउशि / आईटी / 2026 भोपाल दि. 14 / 5 / 26 के अनुसार सार्थक पर उपस्थिति अनियमित होने पर वेतन आहरण क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक के अनुमोदन से किया जाना है।

अतः समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया जाता है कि–

1. प्रत्येक कार्यदिवस पर आते समय चेक–ईन और और जाते चेक–आउट करें।
2. यदि चेक–ईन या चेक–आउट होते समय कोई तकनीकि समस्या आती है तो ग्रंथालय में कम्प्यूटर पर सार्थक एप पर उपस्थिति दर्ज करने की सुविधा उपलब्ध है, अतः ग्रंथालय में जाकर सार्थक पर चेक–ईन / चेक–आउट की कार्यवाही करें।
3. यदि ग्रंथालय में भी कोई तकनीकि समस्या आ रही है तो चेक–ईन न होने पर सुबह 11:30 के पहले तथा चेक–आउट न होने पर उसी दिन महाविद्यालय छोड़ने से पहले आवेदन लिखकर प्राचार्य के समक्ष प्रस्तुत करें।
4. चेक–ईन / चेक–आउट न होने की सूचना अगले दिन स्वीकार नहीं की जायेगी, एसी स्थिति में आयुक्त उच्च शिक्षा के उपरोक्त पत्र दिनांक 14 / 5 / 26 के परिपालन में क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक से अनुमोदन के उपरांत ही वेतन आहरित किया जायेगा अन्यथा उस दिवस का अवकाश आवेदन स्वीकार करके ही वेतन आहरण किया जायेगा।
5. सभी उक्त निर्देशों का गंभीरता पूर्वक पालन करें।

डॉ रामकुमार चौकसे
प्राचार्य
शासकीय नर्मदा महाविद्यालय
नर्मदापुरम

क्रमांक 2568 / स्था. / 2026 नर्मदापुरम, दिनाँक 25 / 06 / 2026

प्रतिलिपि: आयुक्त उच्च शिक्षा, 5–सतपुड़ा भवन भोपाल

डॉ रामकुमार चौकसे
प्राचार्य
प्राचार्य
शासकीय नर्मदा महाविद्यालय
नर्मदापुरम

Principal Sir, Adesh File 01 July 2025 (373)